संख्याः 1714 /35–1–2013–4/28(4)/94

प्रेषक,

पुष्पा सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवामें,

महानिदेशक,
राज्य नियोजन संस्थान(नवीन प्रभाग),
योजना भवन, लखनऊ।

नियोजन अनुभाग–1

लखनऊः दिनॉक 07 जनवरी 2014

विषयः वेतन समिति (2008) के नवम् प्रतिवेदन भाग–1 में राजकीय विभागों के अनुरेखक तथा मानचित्रकार संवर्ग के सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर लिए गये निर्णयों को राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग), उ0प्र0 में कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का का निदेश हुआ है कि वेतन समिति (2008) के नवम् प्रतिवेदन भाग–1 की संस्तुति पर लिए गये निर्णय विषयक वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 के शासनादेश संख्याः वे0आ0–2–2044/दस–54(एम)/2008 टी0सी0, दिनॉक 17–8–2010 की व्यवस्था के आधार पर राज्य नियोजन संस्थान (नवीन प्रभाग), उ0प्र0 के अनुरेखक, प्रारूपकार तथा मानचित्रकार संवर्ग कें पदो के इस शासनादेश के साथ संलग्न अनुलग्नक–1 में उल्लिखित वर्तमान ढॉचे के स्थान पर अनुलग्नक–2 में उल्लिखित पुर्नगठित ढॉचे कें स्तम्भ–1 के पदनाम, स्तम्भ–2 के वेतनबैण्ड व ग्रेड वेतन, स्तम्भ–3 के स्वीकृत पद,स्तम्भ–4 के भर्ती के स्त्रोत तथा स्तम्भ–5 के शैक्षिक अर्हता के अनुसार दिनॉक 17.8.2010 से प्रतिस्थापित करने की श्रीराज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2– उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन के फलस्वरूप उच्चीकृत वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन में आने वाले पदधारको का वेतन निर्धारण वित्त विभाग के शा0सं0बे.आ0–2/841/दस–59(एम)/2008, दिनॉक 24.12.2009 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार किया जायेगा ।

3– उपर्युक्तानुसार सेवा नियमावली में संशोधन की कार्यवाही पृथक से यथाशीघ्र कर ली जायेगी।

4– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्याःवे0आ0–1–986/दस–2013, दिनॉक 20–12–2013 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीया,

(पुष्पा सिंह)
विशेष सचिव।

कमशः 2

संख्याः 1714 (1)/35–1–2013, तद्दिनॉक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2– वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3– वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1/2, उ0प्र0 शासन।
4– वित्त (व्यय–नियन्त्रण) अनुभाग–5, उ0प्र0 शासन।
5– वित्त (सामान्य) अनुभाग–1/2, उ0प्र0 शासन।
6– निदेशक, अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरो, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन।
7– राज्य नियोजन संस्थान एवं उसके अधीनस्थ समस्त प्रभाग।
8– गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(हरीश चन्द्र मित्रा)
संयुक्त सचिव।

अनुलग्नक–1

शासनादेश संख्या 1714/35–1–2013–4/28(4)/94 टी0सी0

दिनॉक 07 - ~~दिसम्बर 2013~~ जनवरी 2014

वर्तमान ढॉचा

पद नाम	वर्तमान में अनुमन्य वेतन बैण्ड व ग्रेड पे	स्वीकृत पद	भर्ती का स्त्रोत	शैक्षिक अर्हता
1	2	3	4	5
अनुरेखक (ट्रेसर)	पे बैण्ड रू0 5200–20200 ग्रेड पे रू0 1800	03	सीधीभर्ती(उ0प्र0 लोक सेवा आयोग के माध्यम से)	अनिवार्य अर्हता–औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान से सिविल नक्शानवीसी में प्रमाण–पत्र; अधिमानी अर्हताए– किसी मान्यता प्राप्त संस्था से नक्शानवीसी में डिप्लोमा
प्रारूपकार	पे बैण्ड रू0 5200–20200 ग्रेड पे रू0 –2400	03	मौलिक रूप से नियुक्त अनुरेखको में से,जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में, दो वर्ष की सेवा पूरी करली हो, पदोन्नति द्वारा	–
मानचित्रकार	पे बैण्ड रू0 9300–34800 गेड पे रू0 4200	01	मौलिक रूप से नियुक्त प्रारूपकार में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में, दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा	–

आज्ञा से,

(हरीश चन्द्र मित्रा)
संयुक्त सचिव ।

अनुलग्नक–2

शासनादेश संख्या 1714 /35–1–2013–4/28(4)/94 टी0सी0

दिनॉक 07 दिसम्बर, 2013 जनवरी 2014

पुर्नगठित ढॉचा

पद नाम	पे बैण्ड व ग्रेड पे (रू0)	स्वीकृत पद	भर्ती का स्त्रोत	शैक्षिक अर्हता
1	2	3	4	5
अनुरेखक (ट्रेसर)	पे बैण्ड रू0 5200–20200 ग्रेड पे ₹1900	03	सीधीभर्ती(उ0प्र0 लोक सेवा आयोग के माध्यम से)	अनिवार्यअर्हता–औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से सिविल नक्शानवीसी में प्रमाण–पत्र अधिमानी अर्हताएं-किसी मान्यता प्राप्त संस्था से नक्शानवीसी में डिप्लोमा
मानचित्रकार	पे बैण्ड रू0 5200–20200 ग्रेड पे रू0 2800	03	मौलिक रूप से नियुक्त अनुरेखको में से,जिन्होने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में, दो वर्ष की सेवा पूरी करली हो, पदोन्नति द्वारा	–
वरिष्ठ मानचित्रकार	पे बैण्ड रू0 9300–34800 गेड पे रू0 4200	01	मौलिक रूप से नियुक्तमानचित्रकार में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में, दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा	–

आज्ञा से,

(हरीश चन्द्र मित्रा)

संयुक्त सचिव ।